तापमान

अधिकतम 45.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 23 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 बिजली कटौती से नाराज पालिकाध्यक्ष के साथ नागरिकों ने बिजली कार्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा एंड एलिमेंट्री एजुकेशन मुख्य अवसर परीक्षा की समय-सारणी जारी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड) प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष मुख्य व अवसर परीक्षा वर्ष की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम वर्ष की सैद्धांतिक परीक्षाएं 28 मई से 12 जून तक तथा द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 29 मई से 10 जून तक आयोजित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में संपन्न होंगी। विस्तृत समय-सारणी मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सराईपाली में आयोजित शिविर स्थगित, अब 25 को होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान ''सबसे दूर सबसे पहले'' अंतर्गत ग्राम सराईपाली, विकासखंड अकलतरा में आयोजित होने वाले शिविर की तिथि में संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 18 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 22 मई को विकासखंड अकलतरा के ग्राम सराईपाली में उक्त शिविर आयोजित किया जाना था, निर्धारित तिथि को ग्राम कापन विकासखंड अकलतरा में सुशासन तिहार आयोजित होने के कारण ग्राम सराईपाली विकासखंड अकलतरा में आयोजित शिविर को स्थगित करते हुए उक्त शिविर 25 मई को आयोजित किया जाएगा।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 6 जून तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा ने विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय उचित मूल्य दुकान भागोडीह, बनडभरा एवं दुकान पोड़ीशंकर में संचालनकर्ता रिक्त होने के फलस्वरूप उक्त ग्राम पंचायत के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा ने बताया कि उक्त ग्राम पंचायत के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के ईच्छुक संस्था, समूह अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 06 जून 2026 को शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्रस्तुत आवेदन पत्र में संलग्नक के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक की छायाप्रति बचत राशि सहित एवं आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से हो। निर्धारित तिथि व समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन के संबंध में सूचना उक्त ग्राम पंचायत कार्यालय व कार्यालय जनपद पंचायत बम्हनीडीह की नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है।

### डीजल की ऐसी किल्लत पंप संचालक व कृषक निकाल रहे अपने तरीके

# ट्रैक्टरों में डीजल देकर लगा रहे निशान मिटाकर वापस पहुंच रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा और सक्ती जिले में डीजल की कमी की समस्या कही खत्म नहीं हो रही है। रबी फसल की कटाई और खरीफ की तैयारी में जुटे किसान डीजल के लिए एक से दूसरे पेट्रोल पंप का चक्कर लगाते भटक रहे है। सीमित मात्रा में ही डीजल मिलने के कारण किसानों को जहां कई जगहों से डीजल लेना पड़ रहा है तो वहीं कुछ जगहों पर चिन्हंति किसानों के बार बार पहुंचने पर पेट्रोल पंप संचालक डीजल देकर गाडियों में निशान लगा रहे है। वहीं किसान भी उस निशान को मिटाकर वापस पहुंच जा रहे है।

गौरतलब है कि बीते करीब सप्ताह भर से जिले के पेट्रोल पंपों में डीजल की कमी बनी हुई है। शहर के ही आधे पेट्रोल पंपों में डीजल नहीं है। इसके अलावा जहां कही है तो भी वितरण के लिए लिमिट निर्धारित कर दी गई है। इधर शहर के बाहर ब्लाक मुख्यालय व कस्बाई इलाकों के पेट्रोल पंपों में भी डीजल का स्टाक कई कई दिनों से खत्म हो गया है। स्थिति यह है कि जहां डीजल की सप्लाई गाड़ी पहुंच रही है, वहां डीजल वितरण शुरू होते ही गाडियों की लंबी कतारे लग जाती है। शुक्रवार 22 मई की शाम जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सुकली के पास हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप में डीजल का स्टाक आते ही आधी रात



डीजल भरवाने पेट्रोल पंप पहुंचे वाहन चालक।

तक एक एक किमी तक गाडियों की कतारें लगी रही। इसी तरह नवागढ़ ब्लाक के कटौद स्थित पेट्रोल पंप में डीजल लेने वाले वाहनों की कतारें तीन-चार किमी तक लगी रही। रात भर यहां डीजल भराने वाले गाडियों के बीच रेलमपेल मचा रहा। इसी तरह शक्रवार को नवागढ़ के आगे नेगुरडीह मोड स्थित पेट्रोल पंप में डीजल का स्टाक आते ही ट्रैक्टर और पिकअप समेत अन्य बड़ी गाडियों की कतारे दोपहर बाद से लेकर देर शाम तक लगी रही। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में आधा दर्जन के करीब पेट्रोल पंप में डीजल का स्टाक खत्म हो गया है और सप्ताह भर से किल्लत हो रही है। जिले के चांपा, बम्हनीडीह, बिर्रा, शिवरीनारायण, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा क्षेत्र के भी दर्जनों पेट्रोल पंपों में डीजल का स्टाक खत्म हो गया है।

### पेट्रोल-डीजल को लेकर कलेक्टर ने संचालकों को दिए निर्देश

कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में पेट्रोल एवं डीजल के औद्योगिक प्रायोजन हेतु कन्ज्यूमर पंप उपयोगकर्ता उद्योग एवं वाणिज्यिक संस्थान की आयल कंपनी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने औद्योगिक प्रायोजन, वाणिज्यिक प्रायोजन हेतु प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया है कि कन्ज्यूमर पंप संचालनकर्ता सीधे आयल कंपनी से पेट्रोल एवं डीजल की खरीदी कर उपयोग करें। रिटेल आउटलेट, पेट्रोल पंप से पेट्रोल एवं डीजल की खरीदी न करें, ताकि आम जनता, गुड्स ट्रांसपोर्ट एवं कृषक वाहन को सुगमता से पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी संचालकों से आम जनता की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सहयोग करने की अपील की। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू, कन्ज्यूमर पंप उपयोगकर्ता उद्योग एवं वाणिज्यिक संस्थान की आयल कंपनी के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा घायल

## हसौद-परसदा मुख्य मार्ग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद क्षेत्र में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना हसौद-परसदा मुख्य मार्ग पर डीडी ढाबा के पास हुई।

जानकारी के अनुसार गुरूवार 21 मई की देर शाम लीवो होंडा बाइक में सवार दो युवक हसौद से अपने गांव डोटमा लौट रहे थे। इसी दौरान परसदा रोड पर कश्यप ढाबा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे दिलेश्वर पटेल पिता रेशम लाल पटेल निवासी ग्राम डोटमा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में पीछे बैठे किशन पटेल पिता जगदीश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए जैजैपुर अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही हसौद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। हसौद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों भीषण





हादसे के बाद लगी लोगों की भीड़ तथा दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

गर्मी पड़ रही है। कई लोग सुबह एवं शाम के बजाए रात के समय अधिक सफर कर रहे है। ऐसे में कई जगहों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं रहती है। साथ ही साथ सामने से आ रहे वाहन के बारे में भी समुचित जानकारी नहीं मिल पाती। इसके चलते भी रात के समय सड़क हादसों में लोगों की मौत का मामला सामने आ रहा है। वहीं हसौद क्षेत्र में सड़क हादसे के मामले भी सामने आ रहे है।

# शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में चालक को 15 हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में चालक को 15 हजार रुपए का जुर्माना मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने लगाया है। इसके अलावा 15 दिवस की सामुदायिक सेवा करने का आदेश भी दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार यातायात जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा वाहन चालक गुरु गोविंद को पुनः 21 मई को शराब सेवन की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया था। जिसके बाद वाहन को जप्त करते हुए उनके विरुद्ध धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रकरण पेश किया गया था। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए कमी लाने के लिए जागरुकता के साथ साथ यातायात नियमों का उलंघन करने वालों एवं शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वाहन चालक आरोपी गुरु गोविन्द को शराब सेवन कर वाहन चलाते पकड़ा गया था। जिसके विरुद्ध धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया गया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जांजगीर द्वारा सड़क सुरक्षा एवं जन जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में शराबी वाहन चालक आरोपी गुरु गोविन्द को कठोर एवं समाजोपयोगी दण्ड दिया गया है। धारा 185 मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत आरोपी चालक पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त न्यायालय ने चालक को 15 दिवस की सामुदायिक सेवा करने का आदेश भी दिया है। 23 मई से प्रारंभ होने वाली इस सेवा अवधि में आरोपी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक के विभिन्न चौक-चौराहों पर लोगों को शराब का सेवन न करने तथा शराब पीकर वाहन न चलाने हेतु जागरूक करेगा। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सामुदायिक सेवा के दौरान आरोपी की उपस्थिति दर्ज की जाएगी तथा सजा पूर्ण होने पर प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### सचिव की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिले के ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द में पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली से नाराज जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर आ गया। सचिवपर का आरोप लगाते हुए सरपंच, उपसरपंच और भारी संख्या में ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर शांतिपूर्वकर धरना प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द की सरपंच और उपसरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मोर्चा खोला। इसा संबंध में ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सचिव द्वारा पंचायत के निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्रियां जबरन अपने ही रिश्तेदारों की दुकानों से खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

## चल रहा हरा सोना बंटोरने का काम...



**जांजगीर-चांपा।** जिले के बलौदा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में इन दिनों तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। इससे वन परिक्षेत्र में रहने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में रोजगार मिलता है।

### सशक्तिकरण केंद्र में आई.टी. असिस्टेंट पद आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से "मिशन शक्ति" की शुरुआत की गई है, जिसके तहत राज्य स्तर पर महिला सशक्तिकरण केंद्र हब तथा प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र हब स्थापित किए गए हैं। मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 1 संविदा पद की पूर्ति के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अंतर्गत आई.टी. असिस्टेंट के एक पद पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी अंतिम तिथि 1 जून तक निर्धारित की गई है।

# केसीसी के नाम पर किसान से 6 लाख की ठगी, पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**पामगढ़।** किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर किसान से 6 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस बात की शिकायत किसान ने पुलिस अधीक्षक से करते हुए संबंधित पर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चुरतेला निवासी राजकुमार पिता महेशराम कसेर ने बताया कि सन 2016 में लोन के संबंध में ग्राम मुड़पार (चु.) के तुलाराम लहरे पिता फिरतू राम के साथ 1 लाख रूपये लोन के संबंध में बात हुई। इस दौरान भूमि खसरा रकबा 0.40 डिसमिल तथा 240/16 रकबा 76 डिसमिल जमीन पर लोन दिलाने पर तैयार हो गया तथा मेरे पास कुछ दस्तावेज में हस्ताक्षर करवाया गया तथा मेरे नाम से एक्सीस बैंक बिलासपुर में खाता खुलवाया गया तथा 2016 से आज तक पास बुक और चेक बुक भी नहीं दिया गया। इसके अलावा कुछ ब्लैक चेक बुक में मेरे से हस्ताक्षर करवाकर रख लिया गया। तथा माह जून 2016 में मुझे बताया गया कि आपका लोन पास हो गया है। तब मुझे अपने साथ लेकर एक्सीस बैंक बिलासपुर लेकर गया वहाँ चेक द्वारा 5 लाख निकाला गया जिसमें से मुझे एक लाख रूपये देकर दिया और बाकी चार लाख रूपये अपने पास रख लिया तथा दो लाख रूपये का पता नहीं चल पाया। इस मामले को लेकर प्रार्थी राजकुमार कसेर ने उक्त प्रकरण की जांच कर न्याय दिलाने एवं दोषी व्यक्तियों के ऊपर दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

## लोगों का घरों से निकलना हो रहा मुश्किल, गर्म हवाओं ने बढाई परेशानी

# भीषण गर्मी से जनजीवन हो रहा प्रभावित, तापमान 44 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण सहित आसपास क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। भीषण गर्मी के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।

ज्ञात हो कि नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नगर पंचायत शिवरीनारायण सहित तुस्मा, कुरियारी, कटौद, मुडपार, दुरपा, नगारीडीह सहित आसपास के गांवों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। लोग शाम 5 बजे के बाद ही घरों से निकल पा रहे है।



गर्मी के चलते सड़कों पर छायी विरानी।

शुक्रवार 22 मई को क्षेत्र में कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं तथा तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। नगर के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। शाम लगभग 5 बजे के बाद ही लोग बाजारों में खरीदारी और आवश्यक कार्यों के लिए निकलते दिखाई दे रहे हैं। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से छोटे बच्चे, बुजुर्ग एवं मजदूर वर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थ, गन्ना रस, फल एवं आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। वहीं चिकित्सकों ने भी लोगों को दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकलने, अधिक पानी पीने एवं धूप से बचाव करने की सलाह दी है। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों का हाल बेहाल है और सभी को अब बारिश का इंतजार है ताकि इस भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सके। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीट बेव को देखते हुए गर्मी से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। लोग अनावश्यक घर से ना निकले और ज्यादा से ज्यादा पानी का उपयोग करें।




## खबर संक्षेप

### श्री राम मजदूर कल्याण समिति ने नागेंद्र को बनाया मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**चांपा।** भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के हितों के लिए सक्रिय छत्तीसगढ़ राज्य से पंजीकृत संस्था श्री राम मजदूर कल्याण समिति के अध्यक्ष पद के निर्वाचन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। समिति के लगभग दो हजार सदस्य हैं और निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए मतदान 27 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक समिति के मुख्य कार्यालय केराझरिया में संपन्न होगा। मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मतगणना कर विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति ने सर्वसम्मति से पूर्व पार्षद नागेंद्र गुप्ता को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही यासीन मेमन एवं किशन नामदेव को पर्यवेक्षक तथा नरेंद्र वैष्णव एवं विमल राठौर को सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।समिति अध्यक्ष धजा राम साहू, संरक्षक समद बेग एवं बहरता राम धीवर ने संबंधित नियुक्ति पत्र सौंपते हुए सभी पदाधिकारियों से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने की अपेक्षा व्यक्त की

### षष्ठी चरण बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल बम्हनीडीह के सोशल मीडिया प्रभारी

**बिर्रा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में



पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देश अनुसार एवं भाजपा शक्ति जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल की सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रेम पटेल ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल बम्हनीडीह का कार्यकारिणी की सूची की घोषणा की जिसमें जय जैजैपुर विधानसभा के ग्राम बिर्रा के भाजपा युवा नेता षष्ठी चरण साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल बम्हनीडीह के सोशल मीडिया प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व सोपा गया है, षष्ठी चरण साहू ने कहा कि संगठन ने उनके जैसे छोटे से कार्यकर्ता को मण्डल बम्हनीडीह भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोशल मीडिया जैसे महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया जिसके लिए वे सभी का आभार करते है। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व दिया है उसे पूरी मेहनत से कार्य करते हुए संगठन की रीति नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

### शहादत दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि



**सक्ती।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 35वीं पुण्य तिथि को शहादत दिवस के रुप में मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा उन्हें स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कांग्रेस जनों द्वारा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के संबंध में विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने युवा सोच, आधुनिक तकनीक और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने का सपना देखा था। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और कंप्यूटर क्रांति की नींव रखने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज भारत जिस डिजिटल युग में आगे बढ़ रहा है, उसकी मजबूत आधारशिला रखने का श्रेय काफी हद तक उनके दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है।

ग्राम पंचायत कापन में हुआ जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन,924 आवेदन हुए प्राप्त

# सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत कापन में शुक्रवार 22 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविरों में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, रोजगार कार्ड, आइस बाक्स जाल सहित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित पात्र हितग्राहियों को सामग्रियों, चेक का किया गया वितरण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों की चाबियां हितग्राहियों को सौंपी गईं।

जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत कापन में आयोजित शिविर में कुल 924 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 868 मांग एवं 56 शिकायत से संबंधित है। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु किया जा रहा है। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं एवं उनका निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक दी जा रही है, जिससे आमजन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू, जनपद पंचायत अकलतरा अध्यक्ष शकुन देव अघरिया, जनपद सदस्य शंकर गौतम, ईश्वर साहू, आनंद मिरी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते अतिथि।

### सुशासन तिहार समाधान शिविर में प्रशासन से किए तीखे सवाल

**अकलतरा।** सरकार तुहर द्वार – सुशासन तिहार समाधान शिविर" के तहत शुक्रवार को अकलतरा विकासखंड के कापन क्षेत्र में समाधान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य ईश्वर साहू ने मंच से गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि शासन द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन यदि विभागीय अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठकर ही आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं, तो ऐसे समाधान शिविर केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम कल्याणपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर के भीतर विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जहां विद्यालय के बच्चे अवकाश के दौरान खेलते रहते हैं। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस विषय में अगस्त 2025 में विद्युत एवं शिक्षा विभाग को ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए आवेदन दिया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी प्रकार ग्राम पकरिया में बांस-बल्लियों और लकड़ी के सहारे स्थायी विद्युत कनेक्शन दिया गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। अप्रैल 2025 में वहां विद्युत पोल लगाने हेतु आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने ग्राम लटिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भवन मरम्मत के लिए कई बार शिक्षा विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन स्कूल खुलने का समय आने के बावजूद कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने क्षेत्र के अनेक समस्याओं का जिक्र किया जिनकी जानकारी उनके द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर निराकरण की मांग की गई है लेकिन अभी तक संबंधित विभाग एवं अधिकारियों द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है।

### शिविर में 411 में से 287 आवेदनों का मौके पर त्वरित समाधान

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत शुक्रवर 22 मई को मालखरौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत फगुरम में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। क्लस्टर फगुरम शिविर में 19 ग्राम पंचायत फगुरम, लिमगांव, चरौदा, अण्डी, किरारी, बड़ेमुड़पार, सारसकेला, बोड़ासागर, कुधरी, सपिया, कर्रापाली, बोकरेल, झर्रा, भांटा, परसा, चरौदी, सेरो, कुलबा एवं अण्डा से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें कुल 411 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 287 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष 124 आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया तथा ग्रामीणों को शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर शासन की योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। शिविर में जनपद पंचायत मालखरौदा अध्यक्ष कविशरण वर्मा ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बन रहा है, जहां लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सुविधाएं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं को निसंकोच प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की। श्री वर्मा ने कहा कि शासन और प्रशासन आमजनों की सुविधा एवं विकास के लिए पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। शिविर में खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण, पेंशन हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृती, कृषि विभाग द्वारा नील हरित काई वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं श्रवण यंत्र विवरण किया गया, स्व सहायता समूह को बैंक लिंकेज की राशि प्रदान की गई। शिक्षा विभाग द्वारा गणवेश वितरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपी गई। मत्स्य पालन विभाग द्वारा जाल वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की विषयवार विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।



## 35वीं पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी ने स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**अकलतरा।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री एवं संचार क्रांति के जनक भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय विश्राम गृह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं देश के विकास में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को आधुनिक तकनीक और संचार क्रांति की नई दिशा दी। युवाओं को आगे बढ़ाने,पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके योगदान को आज भी देश याद करता है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वर टंडन द्वारा किया गया।श्रद्धांजलि सभा में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, भविष्य चंद्राकर, राजकुमार राठी, राजेश जैन, संतोष सिंह बैस, अंकित सिंह सिसोदिया, अविनाश साहू, रहमान खान, शेख फारुख, अविनाश लाटा, रामकृष्ण केंवट, राजू जैन, नरेश देवांगन, राजा जैन, दीपक यादव, सुदर्शन साहू, अभिजीत सोनवानी, श्याम खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की बैठक में 17 प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- बैठक में जांजगीर-चांपा जिले से प्रतिनिधि हुए शामिल

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ की प्रथम प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक बुधवार 20 मई को मधुपिल्ले चौक, शांतिनगर स्थित विमतारा भवन रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर के जिला अध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस बैठक में जांजगीर-चांपा जिले के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य परमेश्वर स्वर्णकार तथा प्रदेश कार्यसमिति के प्रदेश संगठन मंत्री अरुण तिवारी, प्रदेश मंत्री अवध राम धृतलहरे तथा रामसेवक सोनी शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासंघ के संरक्षक एवं पूर्व बीजापुर कलेक्टर सेवानिवृत्त आईएएस अनुराग पाण्डेय ने कहा कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ कार्य करने वाला ऐसा संगठन बन चुका है, जिसने ईमानदारी, अनुशासन एवं निष्ठा के आधार पर अलग पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का पेंशनर समाज महासंघ के नेतृत्व पर भरोसा कर रहा है क्योंकि यही संगठन पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु संघर्ष करने की क्षमता रखता है। उन्होंने सभी पेंशनरों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मितव्ययता संदेश का पालन करने का भी आह्वान किया। प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने संगठन के उद्देश्य, कार्ययोजना एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 3 अगस्त स्थापना दिवस एवं 17 दिसंबर राष्ट्रीय पेंशनर दिवस को पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने पेंशनरों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। बैठक में बिलासपुर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने आगामी प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक सितंबर में बिलासपुर में आयोजित' करने की सहमति प्रदान की, जिसका सदस्यों ने स्वागत किया। बैठक में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष द्रौपदी यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी.के. वर्मा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे.पी. मिश्रा, उच्च शिक्षा पेंशनर कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. महेश चंद्र शर्मा, विश्वविद्यालय पेंशनर कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एन.के. चौबे, विधि सलाहकार एडवोकेट पूरनसिंह, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एस.सी. श्रीवास्तव, पी.आर. साहू, कार्यालय मंत्री अनिल पाठक, संभागीय अध्यक्ष बिलासपुर राजेंद्र कश्यप, संभागीय अध्यक्ष सरगुजा गुरुचरण सिंह, अवधराम धृतलहरे ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा के बाद 17 महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## कार्य में विलंब पर एसडीओ पीडब्ल्यूडी अकलतरा को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- कलेक्टर ने ली लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक, कहा निर्माण कार्यों में देरी पर होगी जवाबदेही तय

कलेक्टोरट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने लोक निर्माण विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित सड़कों एवं भवन निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा समय-सीमा की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने प्रगतिरत, निविदा स्तर एवं तकनीकी स्वीकृति स्तर के सभी निर्माण कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली तथा कार्यों में अनावश्यक विलंब पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और समय-सीमा को सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले में बेहतर सड़क संपर्क, गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं समय पर कार्य पूर्ण करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने एसडीओ पीडब्ल्यूडी अकलतरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री महोबे ने वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में स्वीकृत सड़कों से संबंधित प्रस्तावों की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जनसामान्य की मांग एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रेषित करें, ताकि उन्हें आगामी बजट में शामिल कराया जा सके। भूअर्जन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संबंधित एसडीएम से समन्वय स्थापित कर भूअर्जन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, ताकि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और परियोजनाओं को समय पर गति मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले में चल रहे सभी प्रमुख निर्माण कार्यों का प्रत्येक 15 दिन में बैठक लेकर समीक्षा करेंगे।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

## आजीविका गतिविधियों के लिए मिला प्रिंटर मशीन

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा विकासखण्ड के ग्राम तिलई में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान योजना) के तहत श्रीमती सुखमणि मिरी को आजीविका गतिविधियों के लिए प्रिंटर मशीन प्रदान की गई। श्रीमती सुखमणि मिरी ने बताया कि उनके गली-मोहल्ले के लोगों को अक्सर दस्तावेज एवं फाइल को प्रिंट व फाटोकॉपी कराने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। इस सुविधा की कमी को देखते हुए उन्होंने स्वरोजगार शुरू करने का निर्णय लिया और जनसमस्या निवारण शिविर में प्रिंटर मशीन के लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि आवेदन के बाद शिविर में ही उन्हें प्रिंटर मशीन उपलब्ध करा दी गई। प्रिंटर मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें घर बैठे ही बेहतर रोजगार का अवसर मिल गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत होगी। श्रीमती मिरी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की मांगों और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा (छ. ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक/28/तह/वा/26
शिवरीनारायण दिनांक 13 .05 .2026
प्र. क्र/स-131/2026
ग्राम-खिसोरा
प.ह.न.01

एतद व्दारा सर्व साधारण आम जनता आवेदिका रवि कुमार पिता रामचरण जाति सूर्यवंशी निवासी खिसोरा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा (छ. ग.) ने आवेदन में शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता कलिंद्री सूर्यवंशी का जन्म दिनांक 01.01.1969 को ग्राम खिसोरा में हुआ पर भूलवश जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28 .05 .2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13 .05 .2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

कार्यपालिका दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

पंचायत स्तर तक डिजिटल सेवाओं का विस्तार, नागरिकों को घर के नजदीक मिल रही सुविधाएं

# एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर दी जा रही 441 से अधिक शासकीय सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासन द्वारा प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं जनसुलभ बनाने की दिशा में "सेवा सेतु" पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डिजिटल सुशासन की इस अभिनव पहल के माध्यम से अब जांजगीर-चांपा जिले के नागरिकों को 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन में सेवा सेतु पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पंचायत सचिवों, सेवा सेतु केंद्र संचालकों एवं संबंधित विभागीय कर्मचारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर तक डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना एवं आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही पोर्टल के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए जा रहे है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, भू-अभिलेख संबंधी सेवाएं, नाम संशोधन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित आवेदन, श्रम एवं राजस्व विभाग की सेवाएं सहित विभिन्न विभागों की ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पूर्व में नागरिकों को अलग-अलग सेवाओं के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, अब सेवा सेतु पोर्टल के जरिए नागरिक एक ही स्थान से ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सेवा सेतु केवल एक डिजिटल पोर्टल नहीं, बल्कि शासन और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला प्रभावी माध्यम है। ऑनलाइन आवेदन एवं ट्रैकिंग प्रणाली के माध्यम से पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनी है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे सेवा सेतु पोर्टल का अधिकाधिक उपयोग करें तथा ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाएं।

### ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा बड़ा लाभ

ई जिला प्रबंधक जिला ई गवर्नेंस सुनील कुमार साहू ने बताया की जिले के सभी ब्लॉक के सचिवो को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब ग्राम पंचायत स्तर के विवाह प्रमाण पत्र,भवन अनुज्ञा,स्ट्रीट लाइट बदलने,आवश्यक साफ़ सफ़ाई व्यवस्था,नाम परिवर्तन संबंधी राजपत्र अधिसूचना जैसे सेवायें जो ऑफलाइन था उसे अब सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जारी किया जा रहा है। इस पोर्टल को वाट्सएप से भी जोड़ा गया है अब घर बैठें नागरिक वाट्सएप के माध्यम से सेवाओं और आवेदन की जानकारी ले सकते हैं। पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता से लोगों को जिला एवं तहसील मुख्यालय तक बार-बार आने की आवश्यकता कम होगी।

### ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम के इंस्टालेशन के चलते एक्सप्रेस व लोकल ट्रेनें होंगी प्रभावित

**जांजगीर-चांपा।** बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेलवे लाइन परियोजना के तहत चांपा स्टेशन पर नॉन-इंटरकनेक्टिविटी और ऑटो सिग्नलिंग का काम किया जाना है। अधोसंरचना विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य के कारण 7 जून से 19 जून के बीच रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित रहेगी। इन 13 दिनों में 70 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस ब्लॉक की वजह से बिलासपुर से गुजरने वाली 70 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई गाड़ियां बीच रास्ते में समाप्त होंगी या देरी से चलेंगी। इस दौरान आजाद हिंद एक्सप्रेस, पुणे से 3 घंटे, सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस ढाई घंटे और जनशताब्दी, हसदेव एक्सप्रेस गोंदिया, रायपुर से 2 घंटे की देरी से छूटेगी।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।



न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# साइप्रस में शूट होने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनेगी इश्का...

**मुंबई।** अंजलि भूषण मागो ने गुरुवार को अपनी फीचर फिल्म 'इश्का' की घोषणा कर दी है। करण जौहर की फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली अंजली भूषण मागो जल्द ही अपनी पहली फिल्म पर काम शुरू करेंगी। 'इश्का' नाम से बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। खास बात यह है कि ये पहली ऐसी फिल्म होगी जो साइप्रस में शूट होगी। इस बारे में फिल्म के मेकर्स और साइप्रस के अधिकारियों ने शेयर की है। फिल्म 'इश्का' की शूटिंग पर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने भी खुशी जताई।

## लाइफ Style

# रुचि

## चेहरा छुपाकर उठाई घूंघट प्रथा के खिलाफ आवाज

एक्ट्रेस रुचि गुज्जर ने हाल ही कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और छा गईं। दरअसल, वह राजस्थानी लिबास पहने और घूंघट निकाले रेड कार्पेट पर नजर आईं, जिसने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने सदियों पुरानी घूंघट की प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, जो भारत के कई हिस्सों में अभी भी चली आ रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रुचि गुज्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस घूंघट प्रथा को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया, ताकि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को बढ़ावा मिल सके। इंटरनेट की दुनिया में रुचि गुज्जर के इस कदम की खूब तारीफ हो रही है। राजस्थान की रहने वालीं रुचि गुज्जर ने कान फिल्म फेस्टिवल से ग्लोबल इवेंट को फैशन के बजाय अहम सामाजिक मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इस्तेमाल किया। इस कारण हर कोई उनका मुरीद हो गया है। लोगों ने उनके निडर स्वभाव और आत्मविश्वास की जमकर तारीफ की है। हर कोई जानना चाह रहा है कि आखिर रुचि गुज्जर कौन हैं? कान के दौरान बातचीत में रुचि गुज्जर ने कहा, 'घूंघट कभी भी महिलाओं की पहचान नहीं बनना चाहिए। समाज में महिलाओं को समान स्वतंत्रता, सम्मान और अवसर मिलने चाहिए। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के लिए हमेशा साहसिक निर्णय लिए हैं, और मुझे उम्मीद है कि जबरन घूंघट प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।' रुचि गुज्जर ने यह भी कहा कि उन्होंने घूंघट चुप रहने के लिए नहीं पहना, बल्कि विरोध के रूप में पहना।



## हॉलीवुड मसाला



# ही- मैन एंड... का हिंदी ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'ही-मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होगी। जहां अंग्रेजी ट्रेलर ने पहले ही फैंस को इटर्निया की दुनिया की रोमांचक झलक दिखाई थी, वहीं नया हिंदी ट्रेलर कुछ और भी खास लेकर आया है। इसमें खुलासा हुआ है कि जावेद जाफरी एक बार फिर अपनी आवाज से विलन स्केलेटर को जीवंत कर रहे हैं। इस बार उनके साथ उनके बेटे मीजान जाफरी भी जुड़े हैं, जो स्क्रीन पर निकोलस गैलिट्जीन द्वारा निभाए गए ही-मैन को अपनी आवाज दे रहे हैं।



# तीन दशक बाद अलग हुआ बार्बी गर्ल गाना बनाने वाला बैंड एक्वा

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर सांग 'बार्बी गर्ल' को दुनिया भर के फैंस ने काफी प्यार दिया था। इसके साथ ही डेनमार्क के यूरोडांस समूह 'एक्वा' एक ब्रांड के तौर पर उभरा था। मगर अब लाइव बैंड के रूप में काम न करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया के जरिए बैंड ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। डेनमार्क स्थित यूरोडांस समूह 'एक्वा' ने लगभग तीस साल बाद बैंड की समाप्ति की जानकारी फैंस को दे दी है। 1997 में रिलीज हुए गाने 'बार्बी गर्ल' से सफलता पाने वाले यह बैंड दुनियाभर में मशहूर था। 18 मई को इस खबर को प्रशंसकों से साझा करते हुए कहा,'अलविदा कहने का यह सही समय है। जबकि संगीत ,कहानी और एक-दूसरे के प्रति हमारा प्यार बरकरार है। कई शानदार वर्षों के बाद हमने इसके लाइव बैंड के रूप में 'एक्वा' को समाप्त करने का फैसला लिया है।' 'एक्वा' बैंड के सदस्य निस्ट्रॉम, रेने डिफ और सोरेन रास्टेड ने अपनी पोस्ट में फैंस का शुक्रिया कहा।



# मिस यूनिवर्स जीत के 32 साल का जश्न

**मुंबई।** सुष्मिता सेन ने 32 साल पहले मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। उसी खास पल को उन्होंने याद करते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। साल 1994 में सिर्फ 18 साल की उम्र में सुष्मिता ने यह इतिहास रचा था। वह मिस यूनिवर्स का ताज पहनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। सुष्मिता ने इस खास तस्वीर के साथ पुरानी यादों को शेयर करते हुए लिखा, 'मैं इस बात के लिए बहुत आभारी हूं कि पिछले 32 साल से मेरे चेहरे पर यह मुस्कान बनी हुई है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। फिलीपींस में बिताया वह समय मुझे हमेशा याद रहेगा। आप सभी को मेरा बहुत प्यार।' 1994 की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में सुष्मिता सेन ने दुनिया भर की 76 सुंदरियों को पीछे छोड़कर यह खिताब जीता था।




# जेल में कैद बॉबी ने लूटा मजमा...

**मुंबई।** बॉबी देओल कॅरियर की दूसरी पारी में लीक से हटकर किरदार कर रहे हैं। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर में बॉबी देओल एक बार फिर से इंटेंस रोल में दिख रहे हैं। ट्रेलर में बॉबी ने मजमा लूट लिया है। फिल्म के ट्रेलर में उनके किरदार में कई शेड्स नजर आ रहे हैं। फिल्म बंदर के ट्रेलर की शुरुआत बॉबी देओल के किरदार के साथ होती है, जो कम उम्र की लड़कियों को डेट करता है। लेकिन, एक लड़की से मुलाकात उसकी जिंदगी बदल देती है। उसे सलाखों के पीछे धकेल देती है। बॉबी देओल का किरदार खुद को बेगुनाह कहता है, लेकिन कोई उसकी नहीं सुनता है। बंदर के ट्रेलर को देखकर लगता है कि यह कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप पर आधारित है। बॉबी का किरदार इस वजह से जेल भी जाता है। जेल के बुरे अनुभवों से वो गुजरता है।

## टीवी मसाला



# नए टीवी शोज की वजह से अनुपमा को लगा झटका

**नई दिल्ली।** इन दिनों कई पुराने और नए टीवी शोज दर्शकों को पसंद आ रहे हैं। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट और इनकी रेटिंग सामने आ चुकी है। स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' सभी दर्शकों का पसंदीदा टीवी शो रहा है। लेकिन, अब नए शोज ने इन सबसे चर्चित सीरियल्स को पछाड़ दिया है और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। इन दिनों दर्शकों को पुराने चर्चित शो की जगह नए सीरियल्स ज्यादा पसंद आ रहे हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है टीवी शो- वसुधा। दर्शक वसुधा शो को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि इस शो ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और 'अनुपमा' जैसे सबसे चर्चित शोज को पछाड़ दिया है। 'वसुधा' सीरियल ने 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पहले नंबर पर जगह बनाई है। इसे 1.8 टीआरपी मिली है। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में भी एक नए शो ने अपनी जगह बनाई है। इस शो का नाम है- 'गंगा माई की बेटियां'। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' को 1.7 की रेटिंग मिली है। इस शो को पिछले हफ्ते भी यही रेटिंग और स्थान मिला था। टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। स्मृति ईरानी का सबसे चर्चित टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 1.6 की रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इसे 1.7 की रेटिंग मिली थी। चौथे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसे भी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तरह 1.6 की रेटिंग मिली है। रुपाली गांगुली का सबसे चर्चित टीवी सीरियल शो 'अनुपमा' इस हफ्ते पांचवें नंबर पर है। 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसकी टीआरपी रेटिंग 1.5 है।


## 'तुम मोटी हो, तुम यहां क्यों बैठी हो?'

**नई दिल्ली।** जानी-मानी कोरियोग्राफर और टीवी जज गीता कपूर जल्द ही रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में नजर आने वाली हैं। शो के शुरू होने से पहले गीता कपूर ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग, बॉडी शेमिंग और रियलिटी शोज की स्क्रिप्टिंग को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि टीवी के शुरुआती दिनों में लोगों की बातें उन्हें काफी प्रभावित करती थीं। गीता कपूर ने कहा, 'जब हम पहली बार टीवी पर आए थे, तब सोशल मीडिया इतना बड़ा नहीं था, लेकिन तब भी हेट मेल आते थे। शुरुआत में मुझे बहुत फर्क पड़ता था। लोग कहते थे, 'तुम मोटी हो, 'तुम यहां क्यों बैठी हो?', 'तुम खुद को डांसर कैसे कह सकती हो?' खासकर इसलिए क्योंकि मैं दो फिट और गुड लुकिंग पुरुषों के बीच बैठती थी। मेरे हिसाब से मैं फिट थी, लेकिन हर किसी का नजरिया अलग होता है।'



# खेती का फर्स्ट लुक जारी, डर और सस्पेंस से भरी दिखी पहली झलक

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'खेती' का फर्स्ट लुक मेकर्स ने जारी कर दिया है। फिल्म हॉरर स्टोरी पर बेस्ड है। पोस्टर से फिल्म काफी सस्पेंसफुल और डरावनी नजर आ रही है। इसके साथ ही यह किसी गांव की पृष्ठभूमि पर आधिरित कहानी लग रही है। फिल्म खेती अपने पोस्टर से ही काफी डर पैदा करती है। पोस्टर में चारों तरफ खेत हैं। इन्हीं के बीच में एक चेहरा दिखाई दे रहा है। जो स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देता कि किसका है। मगर एक डार्क वाइब क्रिएट करता है। फिल्म खेती में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इसके साथ ही छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री नेहा सरगम भी इस फिल्म से बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। इसके अलावा वीरेंद्र सक्सेना, शाजी चौधरी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। फिल्म खेती के पहले



जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का फैंस को इंतजार है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी।

# हसरत ने हिंदू प्रेमिका की शादी वाले दिन लिखा था 'दिल के झरोखे में' गाना...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज लिरिसिस्ट कुछ ऐसे गाने लिख गए जिन पर आज भी चर्चा होती है। ऐसा ही एक गाना है हसरत जयपुरी का लिखा गाना दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। यह गाना शम्मी कपूर पर फिल्माया गया है। वह शूट के वक्त मुश्किल से अपने आंसू रोक पाए थे। कम लोग जानते हैं कि हसरत जयपुरी ने जिस दिन यह गाना लिखा था, उनकी प्रेमिका की शादी थी। वह जिसे पसंद करते थे वह हिंदू थी। धर्म की वजह से दोनों नहीं मिल सके और उसकी डोली उठी तो हसरत ने उसकी यादों को दुल्हन बनाकर दिल के पास रखने का फैसला लिया।



### जब शम्मी कपूर नहीं रोक पाए अपने आंसू

इस गाने की शूटिंग से जुड़ा किस्सा भी इंट्रेस्टिंग है। इंडियन आइडल के एपिसोड में मनोज मुंतशिर ने बताया था कि गाना गाने के लिए शम्मी कपूर ने पहले मना कर दिया था। उन्होंने जब गाना सुना तो इस सिचुएशन को विजुअलाइज किया। वह इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए और उनके आंसू आने लगे। उन्होंने गाना सुनकर मना कर दिया और बोले, प्लीज इसे बदल दो। दरअस,ल इस सीन में उनको रोना नहीं था। शम्मी को लग रहा था कि सीन में घुस गए तो आंसू रोकना मुश्किल हो जाएगा।

### लड़कपन में लिखा था गाना

हसरत जयपुरी ने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन गाने दिए। वह छोटी उम्र से ही गीत लिखने लगे थे। जब बड़े हुए तो कच्ची उम्र के प्यार के दौरान लिखे गए गाने उन्होंने फिल्मों में दे दिए। ऐसा ही एक गाना था दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। हसरत जयपुरी को उनके पड़ोस में रहने वाली लड़की से प्यार था। उस जमाने का प्यार बस आंखों-आंखों में और लव-लेटर वाला होता था। हसरत राधा के लिए लव-लेटर और गाने लिखते, लेकिन दे नहीं पाते थे। इसी डर में उन्होंने लिख डाला था, ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज ना होना।

### धर्म की वजह से नहीं बनी बात

दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। लेकिन धर्म अलग था तो राहें अलग होनी ही थीं। एक दिन आया जब राधा की शादी हो गई। हसरत को कुछ कर नहीं सकते थे, लेकिन अपने दर्द को उन्होंने गाने का रूप दिया। उन्होंने लिखा, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर, यादों को तेरी मैं दुल्हन बनाकर, रखूंगा मैं दिल के पास, मत हो मेरी जां उदास...शम्मी कपूर की फिल्म ब्रह्मचारी की सिचुएशन पर यह गाना फिट बैठ गया। हसरत ने यह गाना दिया।

## मनोरंजन का लगेगा मेला, वीकेंड में लोगों की दूर होगी बोरियत

# आज ओटीटी और थिएटर्स में आएंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। हर शुक्रवार सिने प्रेमियों के लिए बेहद स्पेशल होता है। फ्राइडे टू फ्राइडे न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फिल्मों और सीरीज का भूचाल आता है, बल्कि सिनेमाघर भी नई-नई मूवीज के साथ जगमगा उठते हैं। तो चलिए देर किस बात की है, फटाफट से देख लेते हैं मई के चौथे शुक्रवार की रिलीज की पूरी लिस्ट, ताकि इस चिलचिलाती गर्मी में आपको घर से बाहर न निकलना पड़े और वीकेंड पर आपकी बोरियत भी दूर हो जाए।*



**सिस्टम** : सिस्टम एक कोर्टरूम थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा और नेहा राजवंश मुख्य भूमिका में हैं, जो सरकारी वकील बने हैं। 10 हाई प्रोफाइल मामलों को जीतने और अपने पापा की लॉ फर्म को सिक्योर करने के लिए वह सारिका रावत (ज्योतिका) के साथ एक अलाइंस बनाते हैं। साथ मिलकर किसी तरह वह सिस्टम में रहकर अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, कहानी इस बारे में हैं। रिलीज डेट- 22 मई, टफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

**मधुविधू** : मलयालम भाषा में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अमृथाराज की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बैचलर है और एक अव्यवस्थित मेल हाउस में रहता है। उसकी दुनिया तब घूमती है, जब उसे स्नेहा नाम की लड़की से मोहब्बत हो जाती है। वह इंटरफेथ मैरिज को लेकर आने वाली मुश्किलों को तो पार कर लेते हैं, लेकिन फिर उन्हें पुरुषों से भरे हाउस में आगे की जिंदगी जीने में परेशानी आती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।

**वॉरंट** : वॉरंट एक छोटे से कस्बे के कांस्टेबल कोट्टई करप्पुसामी की कहानी है। कोट्टई को उसके घर के बड़ों ने हमेशा बुली किया और साथ ही उसका अपमान किया। कई सालों तक यह दर्द झेलने के बाद वह एक क्रूर अपराधी में बदल जाता है, जिसका अंत बेहद दर्दनाक होता है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

**चांद मेरा दिल** : अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की जोड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए बिल्कुल तैयार है। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस रोमांटिक ड्रामा कहानी में दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की कॉलेज की जर्नी से लेकर एडल्टहुड तक के खूबसूरत सफर को दिखाया गया है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- रोमांटिक ड्रामा।

**स्टार वॉर्सः द मंडलोरियन एंड ग्रोगु** : जॉन फेवरोऊ के निर्देशन में बनी स्टार वॉर्सः द मंडलोरियन एंड ग्रोगु को स्पेशल तौर पर आईमैक्स के लिए तैयार किया गया है। यह डिज्नी की लोकप्रिय सीरीज की कहानी को आगे बढाती है, जिसमें बाउंटी हंटर डिन जारिन और उसका छोटा सा साथी ग्रोगु एक खतरनाक मिशन पर निकलते हैं। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- वॉर ड्रामा।

***लेडीज फर्स्ट*** *: महिलाओं के बीच लोकप्रिय डेमियन की जिंदगी तब पूरी तरह से उथल-पुथल होती है, जब वह दूसरी दुनिया में जाकर वह खुद को एक महिला के साथ पाता है, जो उसे डोमिनेट करती है। नियमों के बदलाव के साथ डेमियन को अपनी सख्त बॉस, एलेक्स फॉक्स का सामना करना पड़ता है, जो दूसरी दुनिया में उसके अंडर में काम करने वाली एम्पलॉय है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- डार्क कॉमेडी ड्रामा।*

***गैबी डॉलहाउसः द मूवी*** *: इन गैबी डॉलहाउसः द मूवी की कहानी ग्रैंडमा गीगी और गैबी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कैट फ्रांसिस्को के लिए ट्रेवल करते हैं। यात्रा के दौरान गैबी की मैजिकल डॉल खिसककर कहीं दूर चली जाती है और उसे एक व्यवसायी बिल्ली खरीद लेती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एनिमेटेड म्यूजिकल फैंटेसी कॉमेडी।*

***स्कायमेड सीजन 4*** *: स्कायमेड के नए सीजन में कहानी उत्तरी कनाडा के मुख्य इलाके में तैनात एक एयर एम्बुलेंस क्रू की कहानी इस सीजन में आगे बढ़ेगी, जहां वह कॉर्पोरेट के उन बॉस के खिलाफ लड़ते हैं, जो पेशेंट से ज्यादा प्रॉफिट को वैल्यू करते हैं। रिलीज डेट-22 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- मेडिकल ड्रामा।*

**खबर संक्षेप**

## गर्मी से बीमार गौमाता का किया निःशुल्क उपचार



**तनौद।** बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रकोप के बीच ग्राम पंचायत तनौद में मानवता की मिसाल देखने को मिली। गांव में एक गौमाता घायल एवं बीमार अवस्था में पड़ी थी। सूचना मिलते ही गांव के निजी चिकित्सक डॉ. माधव प्रसाद साहू एवं ग्राम तनौद गौ सेवक समिति के सदस्यों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसका उपचार किया। ग्रामीणों ने बताया कि तेज गर्मी के कारण गौमाता सड़क किनारे बेहोश होकर गिर गई थी। उसके पैर में चोट भी लगी थी। जानकारी लगते ही डॉ. माधव प्रसाद साहू अपने उपकरण लेकर पहुंचे और पूरी तरह निःशुल्क एवं निस्वार्थ भाव से गौमाता का इलाज शुरू किया। गौ सेवक समिति के युवाओं ने पानी, छाया एवं दवाओं की व्यवस्था की। लगभग 2 घंटे की देखरेख के बाद गौमाता होश में आई और खड़ी हो गई। समिति के सदस्यों ने अब गौमाता के लिए नियमित चारा-पानी की व्यवस्था की है। डॉ. माधव प्रसाद साहू ने कहा कि गर्मी में पशु-पक्षियों का ध्यान रखना हमारा धर्म है। सेवा में कोई शुल्क नहीं। गौ सेवक समिति के अध्यक्ष ने कहा कि गांव के हर नागरिक से अपील है कि इस भीषण गर्मी में अपने घरों के बाहर पशु-पक्षियों के लिए पानी का बर्तन जरूर रखें। पंचायत ने भी समिति को सहयोग देने का आश्वासन दिया है। सरपंच रंजनी महावीर साहू ने ग्रामवासियों ने अपील कि है गर्मी में बेजुबान पशुओं के लिए छाया एवं पानी की व्यवस्था करें।

## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने चन्द्राकर



**अकलतरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग विभाग के द्वारा जांजगीर चाम्पा जिला ग्रामीण अध्यक्ष के रूप में नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भविष्य चन्द्राकर की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति पर नगर एवं क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लंबे समय से छात्र संगठन, युवा कांग्रेस एवं मुख्य संगठन में सक्रिय रहे भविष्य चन्द्राकर को अब पिछड़ा वर्ग विभाग में महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। जिला और प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके भविष्य चन्द्राकर की नियुक्ति को कांग्रेस संगठन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपनी नियुक्ति पर भविष्य चन्द्राकर ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे।

## दिशा और नेहा ने कक्षा पांचवीं की परीक्षा में किया स्कूल में टॉप





**बम्हनीडीह।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बम्हनीडीह की कक्षा पांचवीं की छात्र दिशा बरेट 95 प्रतिशत तो वही नेहा जायसवाल 93.5 प्रतिशत अंक हासिल कर पुरे स्कूल में टाप कर अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। छात्रो की इस मेहनत का पुरे स्कूल और नगर में तारीफ हो रही है। दिशा बरेठ के पिता गुलजार बरेठ जो पेसे से एक शिक्षक है तो वहीं नेहा जायसवाल पिता महेंद्र जायसवाल पेसे से एक किसान है। दोनों बच्चे ने एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर अपनी मेहनत और लगन से कक्षा पांचवीं के परीक्षा में बहुत ही अच्छा परिणाम हासिल किया है। दोनों बच्चों ने अपने स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक शिक्षिकाओं को भी धन्यवाद किया है। बच्चों ने बताया की पढ़ाई के दौरान होने वाली हर समस्या में शिक्षक शिक्षिका उनके साथ रहे वहीं दोनों बच्चों को उनके माता पिता भी पढ़ाई में पुरा सहयोग कर रहे थे, जिसका परिणाम दोनों बच्चों ने अच्छा लाकर स्कूल और अपने माता पिता का मान बढ़ाया है।

अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# बिजली कटौती से नाराज पालिकाध्यक्ष के साथ नागरिकों ने बिजली कार्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

वार्ड क्रमांक 2 में लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज नागरिकों का गुस्सा शुक्रवार को खुलकर सामने आ गया। शुक्रवार 22 मई को सुबह 11 बजे नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव के नेतृत्व में पार्षदों एवं बड़ी संख्या में मोहल्लेवासियों ने बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पार्षद श्रीमती गीता सूर्यप्रकाश कंसारी, महेंद्र तिवारी, राजन गुप्ता और राजीव नयन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

सभी ने एक स्वर में वार्ड क्रमांक-02 में बार-बार हो रही बिजली गुल की समस्या पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। पार्षद गीता सूर्यप्रकाश कंसारी ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में दिन में कई बार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बिजली गुल होने से पेयजल आपूर्ति, पंखा, कूलर सहित दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही वार्ड क्रमांक-02 की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हुई, तो नगर पालिका के जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वार्डवासियों ने भी विद्युत विभाग से मांग की है कि गर्मी के इस कठिन समय में निर्बाध एवं नियमित बिजली आपूर्ति की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। नागरिकों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि समस्या जस की तस बनी रही, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। उल्लेखनीय हैं कि नगर के अनेक वार्डो में विशेष कर सदर बाजार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 में राधा कृष्ण मंदिर फीडर एरिया भी बिजली की आवाजाही से निरंतर प्रभावित है। वार्डवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में आयदिन कई-कई बार विद्युत आपूर्ति बाधित होती है जबकि मौसम की कोई खराबी नही होती। वार्डवासियों का कहना है कि विगत माह मेंटेनेंस के नाम पर दो बार फीडर की विद्युत आपूर्ति मंडल द्वारा चार-चार घंटे की अवधि के लिए बाधित की गई है, बावजूद इसके भीषण गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद होने से उन्हें गर्मी के अलावा विद्युत चलित उपकरण बंद होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मंडल के जिम्मेदार अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में शीघ्र आवश्यक सुधार कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल नही की गई तो उनके द्वारा मंडल के खिलाफ शीघ्र बढ़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विद्युत मंडल की होगी।



विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, पार्षद एवं नगरवासी।





## श्री कृष्ण गौशाला में शीघ्र होगी गौ अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

गौ माता के संवर्धन, संरक्षण,चिकित्सा,पंचगव्य प्राप्ति हेतु गौ अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने हेतु शुक्रवार 22 मई को छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने गौशाला में अनुसंधान केंद्र की संभावित स्थल का अवलोकन किया।

■ छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने गौशाला अवलोकन कर उच्चाधिकारियों को दिए निर्देश

उ न्हों ने श्रीकृष्ण गौशाला चांपा में गौ अनुसंधान करने पंचगव्य निर्माण, अहाता निर्माण, गौ अनुसंधान केंद्र में गौ पालन एवं संरक्षण,नस्ल सुधार,संवर्धन के गौ माता के गोबर और गोमूत्र पर आधारित उत्पादों से प्राप्त होने वाली पंचगव्य का परिशोधन कर विस्तृत अनुसंधान के माध्यम से पंचगव्य से निर्मित औषधियों के निर्माण के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी पंचगव्य की महत्ता को स्थापित करने एवं प्रशिक्षण के माध्यम से गौ पालन में जन - जन को जागरूक करने का प्रयत्न किया जाएगा। साथ ही पटेल ने उच्चाधिकारियों को गौ सेवा हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। ज्ञात हो कि गौ अनुसंधान केंद्र की मांग को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अखिलेश कोमल पांडेय ने बिलासपुर प्रवास के दौरान विगत दिनों विशेषर पटेल से सौजन्य भेंटकर ज्ञापन सौपा था। पूर्व राज्य सभा सांसद एवं अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नंदकुमार साय की सांसद निधि से 10 लाख रुपए की लागत से श्री कृष्ण गौशाला चांपा में नवीन गौशाला भवन का निर्माण हुआ था। इसी तारतम्य में गौ अनुसंधान केंद्र की बहुप्रतीक्षित मांग अब साकार होती नजर आ रहा है। भाजपा नेता अखिलेश कोमल पाण्डेय ने बताया कि गौशाला में नवीन भवन , शेड,बाऊंड्रीवाल एवं सौर ऊर्जा का शीघ्र ही निर्माण किया जाएगा,जिससे गौ वंश को सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा सकेगा। नवीन भवन, शेड के निर्माण होते ही गौशाला में गौवंश की वृद्धि कर विधिवत अनुदान प्राप्ति के साथ ही पंचगव्य तथा अनुसंधान की प्रक्रिया को गति मिलेगी। इस अवसर पर पशुचिकित्सक एवं गौ सेवक उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत जाटा की निर्विरोध सरपंच बनी पूना बाई



**बहेराडीह।** जिले में ग्राम पंचायत जाटा की पूना बाई मरकाम निर्विरोध सरपंच बनी है। बहेराडीह बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत का आश्रित ग्राम गांव है। भगवती मरकाम को सालभर पहले जाटा और बहेराडीह के ग्रामीणों ने सरपंच चुना था। जीत की जश्न में डूबे ग्रामीणों के सामने देखते ही देखते उनकी अचानक तबियत बिगड़ी और ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गईं। पंचायत उप चुनाव की जैसे ही घोषणा हुई तो बहेराडीह गांव से चुनाव लड़ने एक भी प्रत्याशी तैयार नहीं हुए और अपनी मानवता का मिशाल पेश करते हुये पूर्व सरपंच स्व. भगवती मरकाम के ही जेठानी पूना बाई मरकाम को निर्विरोध सरपंच चुन लिया। बहेराडीह और जाटा के इस एतेहासिक निर्णय की सराहना अंचल में हो रहीं है। उल्लेखनीय है कि उप चुनाव के तहत बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाटा में भी सरपंच पद के लिए 1 जून को चुनाव होना था। इसके पूर्व ही ग्रामीणों द्वारा निर्विरोध सरपंच चुन लिया गया है।



किसान स्कूल भ्रमण पर पहुंची कृषि व पशु सखी।

## किसान स्कूल पहुंचकर कृषि और पशु सखियों ने देखी प्राकृतिक खेती का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में इस समय ग्रामीण क्षेत्र में कृषि और पशुपालन कारोबार को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर काम कर कर रहीं जिले के बिहान की कृषि सखी और पशु सखी दीदियों को 12 दिवसीय सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

■ कृषि व पशुपालन कारोबार को बढ़ावा देने प्राप्त कर रही प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में सब्जी और सब्जी, फल फूल की नर्सरी तैयार करने, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, खेती में रासायनिक खाद का दुष्प्रभाव, जैविक खाद, कीट नियंत्रण हेतू विभिन्न उपाय प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव के द्वारा दिया जा रहा है। इसके साथ ही संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू, फेकेल्टी अरुण पाण्डेय व उत्तम राठौर ने वित्तीय साक्षारता के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। इसी प्रकार जिला पंचायत बिहान कार्यक्रम के जिला मिशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार दुबे और रेशम लाल नामदेव द्वारा कृषि सखी और पशु सखियों को फील्ड में बेहतर कार्य करने कई टिप्स दिये। प्रशिक्षण के दरमियान बहेराडीह में स्थित देश का पहला किसान स्कूल वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल का भ्रमण कराया गया, जहां प्राकृतिक खेती का मॉडल तथा सब्जी उगाने की चार मंजिला मंजिला खेती तकनीक का अवलोकन किया। भ्रमण तथा प्रशिक्षण में प्रीति कुमारी बरेठ पचोरी, हेमलता श्रीवास, लीना सूर्यवंशी हथनेवरा, सरिता बनवा, मधु कर्ष अफरीद, प्रेमलता केवट, उत्तरा पटेल नागारीडीह, सुकांति पटेल भठली, राधिका महंत, गीता साहू झर्रा, ज्योति बरेठ, उर्मिला बरेठ अमरुआ, रामकुमारी कुर्रे बालपुर, अंजू सूर्यवंशी, कुसुमलता सूर्यवंशी चोरिया, कविता यादव, सरिता देवी सूर्यवंशी मोहगांव,सुरेखा यादव कमरीद, निशा वैष्णव उच्चभिट्ठी, सुनंदा लदेर, पूनम देवी यादव भागोडीह, चन्द्रकला चंद्रा, कलेशी वर्मा संजय ग्राम, फूल सुंदरी पटेल, रश्मि साहू परसापाली, योगेश्वरी चंद्रा बँसुला आदि शामिल हैं। इस अवसर पर ग्राम बहेराडीह के पशु सखी पुष्पा यादव व किसान स्कूल टीम के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## खरीफ सीजन के लिए उर्वरक वितरण के नए नियम जारी

**सक्ती।** आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक वितरण के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। खाड़ी देशों में चल रहे तनावपूर्ण हालातों के बीच किसानों को सही समय पर और समान मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने इस बार कड़े और व्यवस्थित नियम बनाए हैं। कृषि उप संचालक तरुण कुमार प्रधान ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को रोकने तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए किसानों को संतुलित खाद उपयोग, हरी खाद और जैव उर्वरकों जैसे नील हरित शैवाल के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार किसानों को मिलने वाले यूरिया और डीएपी की मात्रा पिछले खरीफ सीजन 2025 में प्राप्त खाद के आधार पर तय की जाएगी। किसानों को प्रारंभिक चरण में पिछले वर्ष की कुल मात्रा का 80 प्रतिशत पारंपरिक यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। शेष 20 प्रतिशत आपूर्ति उपलब्धता के अनुसार दी जाएगी, अन्यथा उसके स्थान पर नैनो यूरिया का विकल्प रहेगा। वहीं डीएपी पिछले वर्ष की मात्रा का केवल 60 प्रतिशत ही मिलेगा तथा शेष 40 प्रतिशत की पूर्ति वैकल्पिक एनपीके खाद या नैनो डीएपी के माध्यम से की जाएगी। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत खाद का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए ही किया जा सकेगा। यदि किसी प्रकार का अवैध भंडारण या गैर-कृषि कार्यों में उपयोग पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





